तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 महिलाओं के संघर्ष, समर्पण व त्याग से होता है समाज का नव ...





11 वार्षिक अधिवेशन : परिक्षेत्रीय निषाद ...




## खबर संक्षेप

### बच्चों ने पेड़ों के साथ मनाई होली

**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा के बच्चों ने पेड़ो को गुलाल- रंग लगाकर होली मनाया। शाला नायक तनु वर्मा एवं ज्योति साहू की मार्ग दर्शन में सभी पेड़ो में पानी और खाद डालकर रक्षा करने की शपथ लिया गया। बच्चों ने पेड़ पौधों को गुलाल से तिलक लगाकर प्रकृति जोहार करते हुए देखभाल करने की शपथ ली। सभी बच्चों ने फागुन गीतों पर नृत्य किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक संजीव ध्रुव, मोहित धुर्वे, मुकेश साहू, राजबाई विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### डबल इंजन सरकार में महंगाई की दोहरी मार

**डोंगरगांव।** रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टिकेश साहू ने केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से जनता पहले ही परेशान है, और अब गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि लोगों पर दोहरी मार साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए तथा व्यवसायिक गैस सिलेंडर में करीब 115 रुपए की बढ़ोतरी की गई है, जिससे आम परिवारों के साथ छोटे दुकानदारों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। श्री साहू ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण करने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ने से आम आदमी का बजट बिगड़ते जा रहा है। उन्होंने रसोई गैस की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

### संड़ी- पंडरिया पहुंच मार्ग जर्जर

**सड़क अतरिया।** संड़ी से पंडरिया पहुंच मार्ग बीते पांच साल से जर्जर स्थिति में है। क्षेत्र के ग्रामीण लगातार सड़क जीर्णोधार की मांग कर रहें हैं पर अब तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है। करीब दो किलोमीटर तक सडक पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। मार्ग खराब होने से किसान, छात्र, व्यापारी आदि को रोज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषकों को बताया सड़क खराब होने से उपज को खेत से लाने तथा विक्रय के लिए ले जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार स्कूली छात्रों को भी उबड खाबड़ मार्ग से आवागमन करने में परेशानी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीण कई दफा विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से मार्ग दुरूस्त कराने की मांग कर चुके हैं पर समस्या जस के तस बनी हुई है।

### मजदूरी भुगतान 8 सप्ताह से लंबित

**सड़क अतरिया।** मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों को लंबे समय से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। मजदूरी के लिए मजदूर पंचायत एवं जनपद का चक्कर काट रहे हैं। जानकारी अनुसार क्षेत्र में बीते दो माह से मनरेगा के तहत काम चल रहे हैं। गांव के सैकड़ों मजदूर काम कर रहें हैं किन्तु बीते 8 सप्ताह से मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने इस मामले को लेकर भाजपा सरकार को मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार था तब पलायन रोकने और गांव में रोजगार के अवसर पैदा करने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना की शुरु किया था लेकिन अब सरकार की गलत नीति के चलते मजदूरों को मजदूरी तक नहीं मिल रही है।

### जालबांधा कॉलेज का बनेगा भवन, 1 करोड़ मंजूर

**जालबांधा।** क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने बजट में शासकीय महाविद्यालय जालबांधा के भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। पहले चरण के लिए 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# घरेलू सिलेंडर 60 और व्यावसायिक 115 रुपए महंगा, आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

महंगाई के दौर में आम लोगों को एक और बड़ा झटका लगा है। देशभर में तेल कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। शनिवार से लागू नई दरों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा हो गया है, जबकि व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में 115 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी का सीधा असर बेमेतरा जिले के करीब पौने दो लाख परिवारों पर पड़ेगा। तेल कंपनियों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक परिस्थितियों के कारण गैस की कीमतों में यह बढ़ोतरी की गई है। हालांकि आम उपभोक्ताओं के लिए यह फैसला घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला साबित हो रहा है। महंगाई के इस नए झटके से जिले के हजारों परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित होने के साथ ही होटल और खानपान व्यवसाय पर भी इसका असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

**हजार रुपए के करीब पहुंची घरेलू सिलेंडर की कीमत:** जिले में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए की बढ़ोतरी के बाद अब इसकी कीमत 937 रुपए से बढ़कर 997 रुपए हो गई है। यानी घरेलू सिलेंडर की कीमत अब हजार रुपए के करीब पहुंच ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कीमत बढ़ते ही रसोई का बजट बिगड़ा

### युद्ध के माहौल से उपभोक्ताओं में चिंता

मध्य पूर्व में चल रहे तनाव और वैश्विक हालात को देखते हुए कई गैस उपभोक्ता जल्दबाजी में सिलेंडर बुकिंग कराते नजर आ रहे हैं। शनिवार को कीमत बढ़ने के बाद भी गैस एजेंसियों के गोदामों के बाहर लोगों की भीड़ देखने को मिली। एजेंसी संचालकों का कहना है कि उपभोक्ताओं को आशंका है कि अंतरराष्ट्रीय हालात बिगड़ने की स्थिति में गैस सप्लाई प्रभावित हो सकती है। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ किया है कि देश में फिलहाल एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।



### बुकिंग के नियम भी बदले, अब 26 दिन का इंतजार

गैस कंपनियों ने घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के नियमों में भी बदलाव किया है। अब एक सिलेंडर की डिलीवरी के बाद अगली बुकिंग के लिए 26 दिन का अंतराल अनिवार्य कर दिया गया है। पहले यह अवधि 21 दिन थी। इस बदलाव का असर जिले के करीब साढ़े पांच लाख घरेलू गैस उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। अब उपभोक्ताओं को नया सिलेंडर लेने के लिए पहले से पांच दिन अधिक इंतजार करना पड़ेगा। गौरतलब है कि पिछले डेढ़ महीने में बुकिंग अंतराल में तीसरी बार बदलाव किया गया है। पहले यह अवधि 15 दिन थी, जिसे बाद में 21 दिन किया गया और अब इसे बढ़ाकर 26 दिन कर दिया गया है। गैस कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय अस्थायी रूप से लिया गया है।

## हादसा : दुकान में भीषण आग से लाखों का सामान खाक

# आग लगने के दो घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड नागरिकों के सहयोग से 3 घंटे में पाया गया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर के जयस्तंभ चौक के समीप 7 मार्च की रात करीब 10.30 बजे एक जूता चप्पल की दुकान में शार्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गयी, जिससे लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। नागरिकों के तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर देर रात काबू पाया गया। जिला मुख्यालय से 25 किमी का सफर दो घंटे में तय करके फायर ब्रिगेड पहुंची, जिसने भी मदद की।

जयस्तंभ चौक में हरपाल पसरीजा की जूता-चप्पल दुकान में शनिवार की रात करीब 10:30 बजे आग की लपटें उठते लोगों ने देखा। दुकान मालिक को इसकी सूचना दी, तब तक आग ने रौद्र रूप ले लिया था। प्रथम तल में रखे सामान को नुकसान पहुंचाने के बाद भीषण आग द्वितीय तल में रखी सामग्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। आनन फानन में बाजू की दुकानों में रखे सामानों को एहतियातन खाली कराया गया। तब तक जूता चप्पल की दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो चुका था। नागरिकों और फायर ब्रिगेड के अथक प्रयास से करीब दो बजे रात को आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया, तब लोगों ने राहत की सांस ली।

### 20 वर्ष बाद भी फायर ब्रिगेड वाहन चालक की नहीं हुई नियुक्ति

थान खम्हरिया नगर पंचायत के निवासियों की सुविधा के लिए राज्य शासन ने एक फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध कराया है। दो दशक बीत जाने के बाद भी वाहन चालक व परिचालक की नियुक्ति नहीं हो पायी है। पूर्व में अनहोनी के दौरान अकुशल चालकों का उपयोग किया जाता रहा है। लोगों ने मांग की है कि राज्य सरकार नगर पंचायत की फायर बिग्रेड के लिए एक कुशल चालक व परिचालक की शीघ्र नियुक्ति करे।



### 80 गांव के लिए केवल एक फायर ब्रिगेड वाहन

थान खम्हरिया व साजा तहसील के कुछ गांव सहित कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के सीमावर्ती कम से कम 80 गांव के लिए केवल एक फायर ब्रिगेड वाहन नगर पंचायत में है। जिसका उपयोग नहीं होने पर नागरिकों ने नाराजगी जाहिर की। थान खम्हरिया तहसील कृषि क्षेत्र होने के कारण पैरावट सहित फसलों में आग लगने की घटना आम हो गयी है। इस कारण से आग लगने की घटना होने पर 30 किमी दूर नगरपालिका परिषद कवर्धा व 25 किमी नगरपालिका परिषद बेमेतरा फायर ब्रिगेड पर आश्रित है। पुलिस व प्रशासन को सूचना देते तक समय निकल जाता है और आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए नगर पंचायत में रखी फायर ब्रिगेड को ग्रीष्मकाल की शुरुआत होते ही दुरूस्त करने की मांग नागरिकों ने की है।

### इलेक्ट्रिक दुकान तक नहीं पहुंची, बड़ा हादसा टला

नागरिकों ने बोर पंप के सहायता से आग बुझाने की भरसक प्रयास किया। परंतु दूसरी मंजिल में रखे प्लास्टिक निर्मित जूते, चप्पल व फर्नीचरों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान, आग में जलकर खाक हो गया। उक्त आगजनी के चलते दुकानदार को लगभग 10 लाख रुपए से भी अधिक की आर्थिक क्षति पहुंची है। संतुष्टि की बात यह रही कि बाजू वाली एक इलेक्ट्रानिक की दुकान तक आग नहीं पहुंच पाई। जिससे बड़ा हादसा टल गया। नागरिकों ने दुकानदार को शासन से उचित मुआवजे देने की मांग भी की है।

# सिलेंडर के दाम बढ़ाने के विरोध में कांग्रेस ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये तथा व्यावसायिक गैस सिलेंडर में 115 रुपये की बढ़ोतरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में किया गया।

- महंगाई और अफीम खेती मामले को लेकर केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना

इस दौरान आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आर्थिक स्थिति पर भारी असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दामों में लगातार वृद्धि से आम लोगों की कमर टूट चुकी है और सरकार को इस बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेना चाहिए। उन्होंने प्रदेश में भाजपा नेताओं पर अवैध रूप से अफीम की खेती करने का आरोप लगाते ▶▶ शेष पेज 11 पर

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंगत साहू, रवि परगनिहा, प्रणीश चौबे, टी.आर. साहू, सुरेश दुबे, मिथिलेश वर्मा, रश्मि मिश्रा, ईश्वर वर्मा, सुमित राजपूत, रोशन सिंहा, गणेश राजपूत, अश्विनी अनंत, रीता पांडे, ललित विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी, राजू साहू, शशिप्रभा गायकवाड़, बालकुमारी ध्रुव, सुशीला जोशी, रेवेंद्र देवांगन, निलेश वैष्णव, कमल साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष बनीं सबीना









- नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को नई टीम में मिला महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में नई टीम की घोषणा की गई है। इस नई कार्यकारिणी में संगठन के अनुभवी, सक्रिय और समाजसेवा से जुड़े कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सूची जारी होने के बाद महिला मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

जारी सूची के अनुसार नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेत्री सबीना खान को महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहकर सामाजिक और जनसरोकार से जुड़े कार्यों में भागीदारी निभाने के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

### अन्य कार्यकर्ताओं को भी सौंपे गए दायित्व

इसी प्रकार महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति में पूजा श्रीवास्तव, संतोषी, रुक्मणी वर्मा और सरस्वती जोशी को जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर कई अन्य कार्यकर्ताओं को भी दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे महिला मोर्चा को व्यापक स्वरूप प्रदान किया जा सके। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन विस्तार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सहभागिता को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य ▶▶ शेष पेज 11 पर

### बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का लक्ष्यः सबीना

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष सबीना खान ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश और जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा के माध्यम से जिले की अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने, उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। सबीना खान ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि महिला मोर्चा सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं के हित में कार्य करेगा।

# बेमेतरा के ओमकार का 'इंस्पायर अवार्ड' में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित 'इंस्पायर अवार्ड मानक योजना' सत्र 2026 में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरदालोधी के छात्र ओमकार साहू ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।



- नवाचारी 'कटर मशीन' मॉडल ने जिला स्तरीय प्रदर्शनी में बनाई छाप

ओमकार द्वारा तैयार किए गए नवाचारी 'कटर मशीन' मॉडल का चयन जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए किया गया है। ओमकार की इस सफलता से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके इस मॉडल को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ग्रामीण तकनीक की सुगमता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसकी सराहना चयन समिति द्वारा की गई। छात्र की इस उपलब्धि पर शिक्षा जगत के वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बधाई देते हुए मुख्य रूप से संकुल प्राचार्य एस के कन्नौजे, संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक हीरालाल वर्मा प्राथमिक शाला प्रधान पाठक मुकेश वर्मा ▶▶ शेष पेज 11 पर

# भाजपा के होली मिलन समारोह में सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं

- नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

क्षेत्र के नागरिकों शामिल होकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य करते हैं और लोगों के बीच सकारात्मक संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों को होली



की शुभकामनाएँ देते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि होली का पर्व सभी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और सौहार्द के साथ मिलकर रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ▶▶ शेष पेज 11 पर

## "अभिव्यक्ति" योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम

# बेमेतरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिसकर्मियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस कार्यालय बेमेतरा में महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया।

- पुलिस अधिकारियों ने संवैधानिक अधिकारों और महिला सशक्तिकरण पर दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान " अ भि व्य क्ति " योजनांतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा आपसी अभिवादन के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रामकृष्ण साहू (आईपीएस) ने जिले की महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया और उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। डीआईजी श्री साहू ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं और बच्चों को न्याय दिलाना तथा उन्हें आवश्यक संरक्षण प्रदान करना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आज महिलाएं अपनी प्रतिभा, काबिलियत और मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं तथा समाज के विकास में अहम योगदान दे रही हैं।



कर्मचारियों को मिला सम्मान

इस दौरान डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी शशीकला उइके सहित जिले की कई महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीएसपी राजेश कुमार झा ने किया तथा अंत में रक्षित निरीक्षक प्रवीण कुमार खलखो ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थाना-चौकी, शाखाओं, रक्षित केंद्र, महिला सेल, पुलिस कंट्रोल रूम एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें तभी सशक्तिकरण संभव: एएसपी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। आत्मनिर्भरता से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ती हैं। डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा ने महिला पुलिसकर्मियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

**कवर्धा।** लायंस क्लब जिला कबीरधाम के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर विभिन्न क्षेत्र में अग्रणी महिला प्रतिभाओं का सम्मान कवर्धा के एक पैलेस में किया गया। डिस्टिक्ट लायंस क्लब अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने अपने उद्बोधन मे लायंस क्लब की सर्वजन-हिताय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में लायन श्रीमती सुशीला श्रीश्रीमाल, लायन श्रीमती नीता लूनिया सहित मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# महतारी वंदन महिला सशक्तिकरण के हमारे प्रयासों का प्रतीकः उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन योजना की 25 वीं किश्त की राशि बस्तर में आयोजित कार्यक्रम से जारी की। इस अवसर पर कवर्धा के वीर सावरकर भवन में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे तथा सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। महतारी वंदन योजना से अब तक 24 किश्तों में जिले की 2.48 लाख से अधिक माताओं बहनों को 563.49 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कवर्धा के अलावा जिले के 8 स्थान रणवीरपुर, बोड़ला, चिल्फी, तरेगांव, पंडरिया, कुंडा, कुकदुर और दशरंगपुर में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विश्व महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सिर्फ आज ही नहीं हर दिन महिला दिवस है। समाज में जब भी कुछ सकारात्मक बदलाव लाना होता है इसकी शुरुआत महिलाओं से होती है। पुरातन काल और हजारों वर्षों से यह हमारी परम्परा है, जहां माताओं का स्थान समाज में सर्वोच्च है। हमारे देश में माताएं देवियों के रूप में पूजित हैं। आदि शंकराचार्य ने जब मंडन मिश्रा से शास्त्रार्थ किया था तो निर्णायक की भूमिका भी एक विदुषी महिला उभय भारती जो कि मंडन मिश्रा की पत्नी थी, उन्होंने निभाई थी।

भारत में परिवर्तन के लिए महिला शक्ति को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। महिलाओं को स्व रोजगार, उद्यमिता और सहकारिता से जोड़ते हुए लखपति दीदी के रूप आगे बढ़ाया जा रहा है। महतारी वंदन पूरे प्रदेश में सबसे बड़ी योजना है। महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हर माह 1 हजार रुपए की राशि महिलाओं को मिल रही है। आज योजना की 25 वीं किश्त जारी हो रही है। यह राशि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित थे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व सामाजिक संस्थाओं का सम्मान**



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में श्रीमती गंगोत्री, श्रीमती यशोधरा मानिकपुरी, श्रीमती प्रीति सिंह परिहार, श्रीमती श्वेता शर्मा, श्रीमती पायल श्रीवास्तव, श्रीमती सरस्वती निषाद, श्रीमती चंद्र कुमारी, श्रीमती रंजना भट्ट, श्रीमती सुकून चंद्रवंशी, श्रीमती अनीता पाली, श्रीमती खुशबू, अनीता केसरवानी, रीना शर्मा, अश्वनी श्रीवास्तव, विवेका हैरिस, श्रीमती सरोज शर्मा, निकिता डड़सेना एवं संगीता साहू शामिल हैं। इसके साथ ही सामाजिक संस्था नई सोच नई राह नारी शक्ति टीम को भी समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**बारदात :** दुकान से 26 क्विंटल सरकारी चावल के साथ ले गए एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी

# चोरों ने सरकारी राशन दुकान से पार किया गरीबों का चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बानो में स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गरीबों के लिए रखे सरकारी चावल और इलेक्ट्रॉनिक कांटा पार कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने राशन दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 53 कट्टा यानी लगभग 26 क्विंटल सरकारी चावल तथा एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 75 हजार रुपए से अधिक बताई जा रही है। रविवार सुबह जब सोसायटी संचालक रोज की तरह दुकान पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर 53 कट्टा चावल और इलेक्ट्रॉनिक कांटा गायब मिला। इसके बाद संचालक ने तत्काल मामले की सूचना विभागीय अधिकारियों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**पिपरिया पुलिस ने मौका मुआयना के बाद दर्ज किया मामला**




ग्रामीणों में घटना को लेकर नाराजगी देखी जा रही है और लोगों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन घटना ने क्षेत्र में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार अन्नपूर्णा योजना के तहत गरीब परिवारों को निःशुल्क चावल उपलब्ध कराती है ताकि कोई भी जरूरतमंद भूखा न सोए। ऐसे में राशन दुकान में चोरी की यह घटना न केवल कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती है बल्कि गरीबों के हक पर भी सीधा डाका है।

# वार्षिक अधिवेशन : परिक्षेत्रीय निषाद समाज पाहंदा के अध्यक्ष बने बिसनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



परिक्षेत्रीय निषाद समाज पाहंदा का वार्षिक अधिवेशन पिछले दिनों ग्राम बारगांव के सामाजिक भवन में आयोजित किया गया। अधिवेशन में नवीन समिति का भी गठन किया गया। मटिया निवासी बिसनाथ

- रामखिलावन को सचिव, भगवती को उपाध्यक्ष व हेमचंद को कोषाध्यक्ष की दी जिम्मेदारी
- सामाजिक कुरीतियों को दूर करने समाज में होगी पहल

निषाद को सर्व सम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही आनंदगांव निवासी रामखिलावन निषाद को पुनः सचिव बनाया गया। साथ ही आनंदगांव निवासी भगवती निषाद को उपाध्यक्ष व जामगांव निवासी हेमचंद निषाद को कोषाध्यक्ष पद पर पुनः सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया। परिक्षेत्रीय निषाद समाज पाहंदा के अध्यक्ष बनने पर बिसनाथ निषाद ने समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित और कमजोर समूहों के विकास और सशक्तिकरण के लिए काम करना है। उन्होंने समाज को पारदर्शी, सशक्त और प्रभावी बनाने तथा उनकी टीम के साथ मिलकर सामाजिक सुधारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सचिव रामखिलावन निषाद द्वारा आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।अधिवेशन में सामाजिक प्रकरण का भी निर्णय किया गया। संचालन निषाद समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप निषाद के द्वारा किया गया। निषाद समाज के जिला अध्यक्ष दिलीप निषाद ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नीव है, नींव जितनी मजबूत होगी उतनी जड़े हमारे समाज की मजबूत होंगी।

**आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्रों की मदद पर जोर**

समाज में शिक्षा तथा आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्रों के उच्च शिक्षा पर समाज की ओर से ज्यादा से ज्यादा मदद करने पर जोर दिया। सलाहकार ज्ञान निषाद ने कहा कि एक निश्चित लक्ष्य लेकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े, तो सफलता मिलती है। ये जिम्मेदारी सिर्फ बच्चे का ही नहीं, बल्कि पालक का भी होना चाहिए। विपरीत परिस्थिति में धैर्य से काम ले। नई प्रतिभाओं को पल्लवित करने की जिम्मेदारी समाज की है।

### अधिवेशन में 19 गांव के पदाधिकारी हुए शामिल

इस अधिवेशन में निषाद समाज के जिला सचिव नरेंद्र निषाद, सलाहकार ज्ञान निषाद, जमघट के फगुवा निषाद, सहगांव के विजय, पाहंदा के तुलसी राम, माधो, बलौदी से बुधराम, तेलगा से रामायण निषाद, गणेश, तीजराम, अतरगढ़ी से खेदू निषाद, मुड़पार से रामसिंह, बारगांव से प्रकाश निषाद, संतोष, कोसपातर से पुनाराम निषाद सहित 19 गांव के निषाद समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




पीड़िता की रिपोर्ट पर पंडरिया पुलिस ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है।

आरोपी के विरूद्ध भान्यास की धारा 87,64(2)m एवं 4(2),6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में पंडरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना पंडरिया में प्रार्थी के रिपोर्ट पर 11 फरवरी 2026 को गुम इंसान कायम किया गया, जिसमें प्रार्थी के नाबालिग युवति के गुम होने की सूचना पर गुमइंसान कायम कर मामला नाबालिक युवति से संबंधित होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम किया गया था। जिस पर मामला गंभीर होने से पंडरिया पुलिस द्वारा तत्काल नाबालिग लडकी की खोजबीन में जुट गई, अपहृता को 22 फरवरी को बरामद किया गया, जिसमें अपहृता ने आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य प्रदाय किया, जो कि प्रकरण के फरार आरोपी विक्रम सारथी पिता दयाराम सारथी उम्र 31 साल निवासी वार्ड क्रमांक 02 सारथी मोहल्ला पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को गिरफ्तार किया जाकर, मामला नाबालिक पीड़िता से संबंधित होने पर आरोपी के विरूद्ध विवेचना के दौरान भान्यास की धारा 87,64(2)m एवं 4(2),6 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भारतीय किसान संघ ने मनाया स्थापना दिवस होली मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भारतीय किसान संघ के जिला कार्यलय बलराम भवन में 8 मार्च को संघ ने अपने 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में किसानों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम व भारत माता के तैलीय चित्र के समक्ष पुष्प माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने कहा की भारतीय किसान संघ किसानों के समग्र विकास के लिए कार्य करता है जिसमे स्वहित और परहित दोनों का काम सिद्ध होता है। उन्होने कहा कि इसकी स्थापना 4 मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा शहर में हुई थी। इसके संस्थापक दंतोपंत ठेगडी थे, वे एक महान भारतीय किसानों के तत्वचिंतक व मजदूर नेता थे। आज इसी अवसर पर हम यहां उपस्थित हुए है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि होली का त्यौहार हमें भाईचारे और एकता का संदेश देता है हम सभी किसानों को भारतीय किसान संघ से जुड़कर अपने अधिकार के लिए लड़ना होगा। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ प्रांत महिला प्रमुख अदिति कश्यप ने कहा की खेती किसानी कार्य में महिलाओं की 60 से 70 प्रतिशत की भागीदारी जो बखूबी खेती किसानी कार्य में लगी हुई है। उन्होने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे है। उन्होने कार्यक्रम में रंग पंचमी, भारतीय किसान संघ के स्थापना दिवस सप्ताह और अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी देश की महिलाओं को बधाई दी। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि यह स्थापना दिवस सभी तहसील में ग्राम इकाई में 4 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के किसान बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# नेशनल हाईवे किनारे हरे-भरे वृक्षों की अवैध कटाई, वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

बोड़ला वन परिक्षेत्र से लगे चोरभट्टी आरएफ-62 क्षेत्र में हरे-भरे और कीमती वृक्षों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि यह कटाई किसी दूरस्थ जंगल में नहीं बल्कि नेशनल हाईवे-30 के बिल्कुल किनारे, करीब चार फीट की दूरी पर की गई है। इतनी खुली जगह पर वृक्षों की कटाई होने के बावजूद वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगना विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात लोगों द्वारा चार से पांच हरे-भरे और कीमती वृक्षों को काट दिया गया है। इससे वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई है, वह अत्यंत व्यस्त मार्ग है और यहां से दिन-रात वाहनों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में खुलेआम वृक्षों की कटाई होना यह दर्शाता है कि क्षेत्र में निगरानी और गश्त की व्यवस्था प्रभावी नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करते, तो नेशनल हाईवे के किनारे इस तरह से पेड़ों की कटाई होना संभव नहीं था। उनका कहना है कि वन संपदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी विभाग की है, लेकिन इस घटना ने विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। मामले को लेकर जब विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया गया तो डिप्टी रेंजर का बयान और भी चौंकाने वाला सामने आया। उन्होंने कहा कि "जंगल खुला है तो अवैध कटाई होगी ही।" उनके इस बयान से विभाग की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं रेंजर आकाश यादव इस पूरे मामले को लेकर स्पष्ट रूप से कुछ भी कहने से बचते नजर आए। सूत्रों के अनुसार उन्होंने इस मामले को ज्यादा उजागर न करने और इसे गोपनीय रखने की बात कही है, जिससे विभाग की भूमिका को लेकर संदेह और गहरा गया है।

### सवालों से विभागीय अधिकारी काट रहे है कन्नी

इधर इस मामले में जिला वन अधिकारी (डीएफओ) से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं किया। उनसे संपर्क करने से पहले ही कटे हुए वृक्षों की फोटो और वीडियो भी भेजे गए थे, इसके बावजूद उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब नेशनल हाईवे के किनारे खुलेआम हरे-भरे वृक्ष काटे जा रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी जवाब देने से बच रहे हैं, तो आखिर वन संपदा की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। क्षेत्र के लोगों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यह भी देखने वाली बात होगी कि वन विभाग इस गंभीर मामले में ठोस कदम उठाता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

**नपाध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों का किया सम्मान**

# नारी शक्ति, आत्मविश्वास व सहनशीलता का प्रतीकः चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कवर्धा के सभाकक्ष में आयोजित महिला सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने टीम के साथ नगर पालिका सभाकक्ष में गेट के सामने खड़ा होकर स्वच्छता दीदीयों का आरती कर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उन्होंनें सभाकक्ष में साथ बैठकर नास्ता किया तथा नारी शक्ति की महानता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया व जिस जगह में बैठे रहे वहां जाकर उनका सम्मान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देकर पैर छूकर प्रणाम किया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि नारी शक्ति, साहस, आत्मविश्वास, प्रेम, त्याग, और सहनशीलता का प्रतीक है नारी समाज की नींव है और उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है सभी महिलायें काबिल और मेहनती हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई प्रावधान किये हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में महतारी वंदन योजना के साथ साथ अनेक योजनाएं लागू की गई है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा और हौसला देता है। मातृ शक्ति ने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है और अपनी क्षमता और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया है नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि महिलायें आज के समय पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। आज का दिन महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। इस दिन उन्हें यह एहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश के साथ-साथ उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद अजय ठाकुर, बिहारी राम धुर्वे, योगेश चंद्रवंशी, सौखी आहिरवार, डोनेश राजपूत, दीपक सिन्हा सहित अधिक संख्या में महिला दीदी उपस्थित थे।

# अहिरवार समाज का बैठक 21 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में अहिरवार समाज की जिला स्तरीय बैठक ऊर्जा पार्क सामाजिक भवन में आहूत की गई है। जिसमें समिति के वार्षिक आय-व्यय के जानकारी के साथ 14 अप्रैल को करियर गाइडेंस के लिए कक्षा 10वीं व 12वीं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का सर्वे सूची तैयार करना। जिस पर समिति अध्यक्ष पूनाराम पनागर ने बताया कि उक्त बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि जानकारी के अभाव में बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से चुक जाते हैं इसके अतिरिक्त सामाजिक जनगणना, सामाजिक छात्रावास और खेल, साहित्य, संगीत, पर्यावरण, दिन में शादी और प्लास्टिक मुक्त सामाजिक कार्य जैसे विभिन्न आयाम पर चर्चा कर कार्य योजना बनाई जाएगी।

खबर संक्षेप

## मनोज चंद्रवंशी बने कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक कोषाध्यक्ष



**हरिभूमि.बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो.अकबर भाई एवं जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी के अनुशंसा पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण के अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण के कार्यकारिणी नियुक्त की गई, जिसमें ग्राम दौजरी निवासी मनोज चंद्रवंशी को ब्लॉक कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया है, वे बहुत ही सक्रिय रूप से कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते आ रहे हैं।

# बढ़ती महंगाई और नशे के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी का उग्र प्रदर्शन

- प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला।
- भाजपा नेता के फार्म-हाउस में 10 एकड़ अफीम, सरकार बताए किसके संरक्षण में फल-फूल रहा नशे का कारोबार : नवीन जायसवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा






प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में प्रेस-कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार पर हमला बोलने हुए कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्म-हाउस के भीतर लगभग 10 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इस मामले ने पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा दिया है। कांग्रेस ने इसे भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल बताते हुए कहा है कि बिना सत्ता और प्रशासन के संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती संभव ही नहीं है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि यह अफीम की खेती भाजपा से जुड़े नेता विनायक ताम्रकार के फार्म-हाउस में की जा रही थी। विनायक चंद्राकर भाजपा के दुर्ग जिले के किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में भाजपा के राइस मिल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बताए जा रहे हैं। भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है और वे पार्टी के स्थापित नेताओं में गिने जाते हैं। वहीं सोशल मीडिया में विनायक चंद्राकर की तस्वीरें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और सांसद विजय बघेल सहित कई भाजपा नेताओं के साथ मौजूद हैं, जिससे उनके राजनीतिक संबंधों की चर्चा भी तेज हो गई है। नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि गांव में भाजपा नेता का इतना दबदबा है कि ग्रामीण खुलकर बोलने से डरते हैं। यहां तक कि गांव में अंतिम संस्कार जैसे कार्यक्रमों के लिए भी उनकी अनुमति लेने की बात सामने आती रही है। ऐसे में उनके खेत में अफीम की खेती होने के बावजूद हमें जानकारी नहीं थी कहना पूरी तरह अविश्वसनीय है। बताया जा रहा है कि मक्का और गेहूं की फसल के बीच सुनियोजित तरीके से अफीम की खेती की जा रही थी। पूरे फार्म-हाउस क्षेत्र में सीसी टीवी कैमरे भी लगे हुए थे, जिससे साफ है कि यह काम पूरी योजना और निगरानी के साथ किया जा रहा था। जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा करने वाली सरकार आज 1 हजार रुपए में सिलेंडर दे रही है। भाजपा गरीब और आमजन की पार्टी है ही नही, ये व्यापारियों की पार्टी है और 2014 में जब से भाजपा की सरकार केंद्र में बनी है तबसे सब्सिडी वाले सिलेंडर में 5 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इस दौरान कांग्रेस के अधिकारी-पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की शक्ति, आत्मसम्मान व समाज निर्माण में उनके योगदान को नमन करने का अवसर है : विधायक

# महतारी वंदन सम्मेलन में भावना बोहरा ने किया महिलाओं का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में बस्तर में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया और उन्होंने प्रदेश की नारी शक्तियों को संबोधित किया। इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा के रणवीरपुर में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित महतारी वंदन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई, जो केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा योजनाओं की लाभार्थी बहनों को विधायक भावना बोहरा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की शक्ति, आत्मसम्मान और समाज निर्माण में उनके योगदान को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है और आज महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं।

भाजपा सरकार ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं। छत्तीसगढ़ में मातृशक्ति को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके माध्यम से प्रदेश की लाखों महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है। इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और परिवार की आर्थिक मजबूती में उनकी भूमिका और अधिक सशक्त हुई है।

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं और पहलें संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की हर महिला आत्मनिर्भर बने, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत हो तथा विकास की मुख्यधारा में अग्रणी भूमिका निभाए। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि विकास की भागीदार मानते हुए योजनाएं बना रही है। आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सुरक्षा, आवास, रोजगार और तकनीकी प्रशिक्षण जैसी पहलें महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि आज की नारी केवल परिवार की जिम्मेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, कृषि, उद्यम, तकनीक और नेतृत्व के क्षेत्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनेगा। पंडरिया विधानसभा में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र और प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है।

इस अवसर रोशन दुबे, राघवेंद्र साहू, नरेश साहू, राजेंद्र साहू, धरमपाल कौशिक, श्रीमती राजकुमारी साहू, महेंद्र धृतलहरे, श्रीमती सरिता सोनी, श्रीमती दुर्गा सिंह, संतोष वैष्णव, बसंत बोहरा, तिलक सेन, प्रदीप गोस्वामी, महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थें।

### सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही



उन्होंने बताया कि पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा में कोई बाधा न आए इसके लिए हमने प्रयास करते हुए महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए 8 निःशुल्क बसों का संचालन कर रहें हैं, जिसके माध्यम से हजारों छात्राओं को लाभान्वित करने के अपने लक्ष्य को हम जल्द ही प्राप्त करेंगे। इस बस सेवा से बेटियों को महाविद्यालय से घर आने-जाने हेतु सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है। प्रातिभावान बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग की भी शुरुआत हमने की है जहां सैकड़ो छात्र-छात्राओं को सीजीपीएससी, नीट और आईआईटी-जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उन्हें निःशुल्क कोचिंग मिल रही है।

### महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा

विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी योजना के जरिए ग्रामीण महिलाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कृषि क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान की जा रही हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है, जिससे उन्हें धुएं से मुक्ति मिली है। इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय निर्माण से महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से महिलाओं के नाम से पक्के घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिली है। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के जरिए महिलाएं छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

# फोक नदी के पत्थरों से निकल रही है तबला पखावज की आवाज



- चट्टानों के समूह में वाद्ययंत्र की आवाज आने के पीछे एक कहानी प्रचलित है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पुरातत्व समिति के सदस्य एवं ग्राम रबेली निवासी इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि रवेली में फोक नदी प्रवाहित है, एक समय था जब यह नदी सदानीरा थी, किंतु आज यह अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। इस नदी के तट पर ग्राम के पूर्व दिशा में चट्टानों का समूह है, इन्हीं समूहों में कुछ चट्टानें ऐसी हैं, जिन पर पत्थर से ठोकने पर अलग-अलग मधुर आवाजें आती हैं, जो तबले व पखावज की आवाज से मिलती-जुलती है। उन्होने बताया कि बचपन से ही इसे बजाते थे। इन चट्टानों के समूह में वाद्ययंत्र की आवाज आने के पीछे एक कहानी प्रचलित है। कहा जाता है एक नाई की बारात इसी मार्ग से गुजर रही थी और जब इस स्थल पर पहुंची तो यहां नदी तट पर एक तपस्वी साधना में डूबे हुए थे, उन्हें देखकर कुछ बारातियों ने उनके साथ हास्य करना शुरू कर दिया तब क्रोध में आकर उन तपस्वी ने बारातियों को श्राप दिया कि तुम सब दुष्ट लोग पत्थर के हो जाओ, उनके श्राप से सभी पत्थर के हो गए यहां तक कि उनके वाद्ययंत्र भी पत्थर के हो गए, उन्हीं चट्टानों से आज भी वाद्ययंत्रों की आवाज आती है। यहां पर बाकायदा डोली की आकृति और मध्य में दुल्हन की जगह पत्थर की अस्पष्ट आकृति दिखाई देती थी। दुखद बात यह रही कि वर्षो पहले स्टॉप डेम निर्माण से सब कुछ अस्त व्यस्त हो गया केवल आवाज करने वाले पत्थर सुरक्षित हैं।

## रंग-पंचमी पर गूंजा कौशल-अनुप लाफ्टर शो, दर्शक ठहाकों से हुए लोट-पोट

**कवर्धा।** रंग-पंचमी के पावन अवसर पर बिलासपुर में हास्य का शानदार माहौल देखने को मिला, जब प्रसिद्ध हास्य कलाकार कौशल साहू एवं अनुप श्रीवास्तव ने अपने लोकप्रिय कौशल-अनुप लाफ्टर शो की दमदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दोनों कलाकारों की शानदार जुगलबंदी ने दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। शो के दौरान कलाकारों ने रोजमर्रा की जिंदगी, पारिवारिक-रिश्तों और समाज से जुड़े विषयों पर हास्य-व्यंग्य प्रस्तुत किया। साथ ही नेताओं और फिल्मी कलाकारों की मिमिक्री ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जमकर तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। वहीं कौशल साहू और अनुप श्रीवास्तव की बेहतरीन कॉमेडी टाइमिंग और संवाद अदायगी ने पूरे माहौल को हंसी और खुशी से सराबोर कर दिया। रंग-पंचमी के अवसर पर आयोजित यह लाफ्टर शो शहरवासियों के लिए यादगार बन गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दोनों कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में खुशी और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देते हैं।

पेज 9 का शेष

### घरेलू सिलेंडर 60 और ...

गई है। वहीं 19 किलो वाले व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 115 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद इसकी कीमत 1985 रुपए से बढ़कर लगभग 2100 रुपए तक पहुंच गई है। होटल और खानपान कारोबार पर पड़ेगा असर व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और फूड स्टॉल जैसे व्यवसायों पर पड़ेगा। गैस महंगी होने से इन व्यवसायों की लागत बढ़ेगी, जिससे आने वाले समय में खाने-पीने की चीजों के दामों में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

**उज्ज्वला उपभोक्ताओं पर भी बढ़ा बोझः** जिले में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिला है। इन उपभोक्ताओं को हर रिफिल पर सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। जानकारी के अनुसार प्रति रिफिल करीब 364 रुपए की सब्सिडी मिलती है। कीमत बढ़ने से पहले इन उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लगभग 573 रुपए में मिल रहा था, लेकिन अब उन्हें एक रिफिल के लिए करीब 633 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

### सिलेंडर के दाम बढ़ाने ....

हुए कहा कि दुर्ग के समीप एक फार्म हाउस में अफीम की खेती पकड़े जाने के बावजूद अब तक संबंधित भाजपा नेता की गिरफ्तारी नहीं होना सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है। कांग्रेस पार्टी इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करती है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार और महंगाई जैसे मुद्दों से भटकाने के लिए प्रदेश को नशे की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी।

### भाजपा महिला मोर्चा ...

करते हुए संगठन को और मजबूत बनाएंगे तथा महिलाओं को पार्टी की विचारधारा और योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेंगे। नई टीम के गठन से जिले में महिला मोर्चा की गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### बेमेतरा के ओमकार ...

शिक्षक नरेश कुमार बघेल,राजू सेन, चुरावन सिंह बघेल और शिवेन्द्र डहरवाल शामिल रहे। संस्था के प्रधान पाठक हीरालाल वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच की आवश्यकता होती है। ओमकार का चयन अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। ओमकार साहू अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने मॉडल का प्रदर्शन करेंगे, जहाँ उन्हें राज्य स्तर पर चयनित होने का अवसर प्राप्त होगा। ओमकार साहू की उपलब्धि को लेकर क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

### भाजपा के होली मिलन ....

निरंतर कार्य कर रही है तथा जनता के सहयोग से विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने सभी नागरिकों से आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की। प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं ऐसे आयोजन कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू बघेल ने कहा कि होली का त्योहार सामाजिक एकता और सौहार्द का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी से मिल-जुलकर समाज और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और मिठाई खिलाकर उत्सव की खुशियाँ साझा कीं। समारोह में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। **ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया, जिला उपाध्यक्ष प्रणीश रजक, तानसेन पटेल, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, पोषण वर्मा, राजेश चोरड़िया, अंकुश तिवारी, मनीष चौबे, पप्पू देवांगन सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के खिलाफ महिला कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बढ़ती महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में महिला कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के सामने स्थित सिग्नल चौक पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चूल्हा जलाकर पकोड़े तलते हुए केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने कहा कि गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने आम परिवार की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। लगातार बढ़ती महंगाई से छोटे और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए रसोई गैस का उपयोग करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में कई महिलाएं मजबूरी में फिर से लकड़ी और पारंपरिक चूल्हे का सहारा लेने को मजबूर हो रही हैं। उन्होने कहा कि एक ओर केंद्र की भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन देने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर गैस सिलेंडर की रिफिलिंग की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी कर रही है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए सिलेंडर भरवाना कठिन हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। बढ़ती महंगाई से महिलाएं, युवा और आम जनता सभी परेशान हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की कि रसोई गैस के दामों में तत्काल कमी की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस दौरान महिला कांग्रेस की कई कार्यकर्ता उपस्थित रहीं और सभी ने एक स्वर में बढ़ती महंगाई के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय जयंती महोत्सव का होगा आयोजन

**राजनांदगांव।** बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा 8 मार्च को एक आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य विषय आगामी 14 अप्रैल 2026 को विश्व रत्न परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के भव्य आयोजन को लेकर चर्चा करना था। सभा में शहर के विभिन्न वार्डों से आए सामाजिक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और जयंती आयोजन को लेकर अपने सुझाव एवं विचार रखे। बौद्ध कल्याण समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से राजनांदगांव में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती का ऐतिहासिक और भव्य आयोजन किया जाता रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते इस वर्ष भी सभी समाजजनों ने मिलकर आयोजन करने का निर्णय लिया।
समिति के मीडिया प्रभारी विनोद श्रीरंगे ने बताया कि आमसभा में सर्वसम्मति से इस वर्ष पांच दिवसीय अंबेडकर जयंती महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इस बार भी भव्य रैली और विविध सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना, राजकीय गीत और राष्ट्रीय गीत से हुई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. एसके पटेल के उद्बोधन के साथ हुई। उन्होंने " राष्ट्रीय विज्ञान दिवस" मनाने के पीछे का महत्व बताया। साथ ही इस वर्ष की थीम विज्ञान में महिलाएं- विकसित भारत को बढ़ावा की सार्थकता को स्पष्ट किया। उन्होंने आधुनिक विज्ञान और वैदिक विज्ञान में संबंध का व्याख्यान किया। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में युवाओं की तुलना चमकते सूर्य से की गई एवं युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते बताया कि विकसित एवं सशक्त भारत के लिए युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। विभाग के सहायक प्रध्यापक लेखाप्रसाद उर्वशा द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भूमिका एवं उनके महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं सीवी रमन के विज्ञान में योगदान को बताया गया। साथ ही डिजिटल पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में नुक्कड़ नाटक द्वारा विज्ञान में महिलाओं की महत्ता को दर्शाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. पीबी टांक, डॉ. एसके पटेल, एलपी उर्वशा, डॉ. आरके देशमुख, नितेश बंजारे, त्रिवेंद्र साहू, हेमपुष्पा उपस्थित रहे।

### वार्डों में आयोजित फाग महोत्सव में शामिल हुए महापौर यादव

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के विभिन्न वार्ड में आयोजित फाग महोत्सव में शामिल होकर जनता एवं वार्डवासियों का उत्साहवर्धन किया। महापौर मोतीपुर, नया ढाबा, बजरंगपुर नवागांव, शंकर नगर के फाग महोत्सव के आयोजन में उपस्थित रहे। महापौर मधुसूदन को रंग-गुलाल लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर अपने वार्डों में आत्मीय स्वागत किया। महापौर ने शहर में विभिन्न वार्डों में विकास एवं निर्माण कार्यों की घोषणा करते शहर के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सहित सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महापौर ने जनता से शहर में, अपने वार्ड, पारा-मोहल्ला एवं मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने से बचने एवं सूखा तथा गीला कचरा के समुचित निष्पादन हेतु अलग-अलग डस्टबीन का उपयोग करने का भी अनुरोध किया। महापौर सबसे पहले प्रयागराज धाम आजाद चौक मोतीपुर में आयोजित दो दिवसीय फाग महोत्सव में शामिल हुए, जहां आयोजन समिति रोहित यादव, आकाश यादव, गोपाल साहू, रिंकू जंघेल, सुदेश नामदेवे, लल्ला वैध एवं साथियों ने महापौर का स्वागत किया।

## आयोजन

### जिला स्तरीय महिला सम्मेलन एवं महिला मड़ई में सैकड़ों महिलाओं का सम्मान

# महिलाओं के संघर्ष, समर्पण व त्याग से होता है समाज का नव निर्माण: विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा के टाउन हॉल में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन एवं महिला मड़ई का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में आईं सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभांवित करने के साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूहों को आजीविका संवर्धन के लिए बिहान (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के अंतर्गत चेक वितरित किए गए, जिससे वे स्व-रोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें।इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मातृशक्ति के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के संघर्ष, समर्पण और त्याग से ही समाज का नव निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं अपने हुनर, अदम्य साहस और परिश्रम के बल पर हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



**महिलाओं की सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन पर दिया जोर:** विधायक श्री साहू ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण एक विकसित और समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर से लेकर कार्यक्षेत्र तक हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए समाज को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा – "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः", अर्थात जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से महिलाओं का सम्मान करने और समाज में उनके योगदान को समझते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिक्षा, सामाजिक सेवा, आजीविका, खेल तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर जिले का नाम रोशन करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, जनपद पंचायत बेमेतरा की अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला पंचायत महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति प्रीति गोविंद पटेल, डीआईजी रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर, जनप्रतिनिधि अजय साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### खेल प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 12 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए आयोजित की गई, जिसमें कबड्डी, कराते, बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाली बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रतियोगिता में विजेता बालिकाओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे खेल, शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होती हैं। कार्यक्रम में जिलेभर से आए महिला स्व सहायता समूहों, छात्राओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही, जिससे पूरा वातावरण नारी शक्ति के सम्मान और उत्सव से सराबोर रहा।

## नांदघाट की बेटी डॉ. वीणा बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल

**नांदघाट।** क्षेत्र के एरमशाही गांव के प्रतिष्ठित शुक्ला परिवार में जन्मी पढ़ी-लिखी बेटी आज क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सशक्त हस्ताक्षर बनकर सेवा के साथ छेत्र की बेटियों को प्रेरणा दे रही हैं। यह कहानी है डॉक्टर वीणा मिश्रा की जो छेत्र के एरमशाही गांव के प्रख्यात कृषक साहित्यकार कवि पंडित राम विशाल शुक्ला की पोती और स्वर्गीय डॉक्टर रामेंद्र नारायण शुक्ला की सुपुत्री डॉक्टर वीणा मिश्रा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की सशक्त हस्ताक्षर हैं। आयुर्वेदिक महाविद्यालय रायपुर से स्नातक डॉक्टर वीणा 1991 से शासकीय सेवा में रहते हुए गांव गांव जाकर विभिन्न प्रकार के मरीजों की सफल चिकित्सा करती आ रही हैं । विभिन्न संस्थाओं के द्वारा आयोजित शिविरों में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया जिसके लिए कई बार सम्मानित हुई । सलवा जुडूम के शिविरों में भी नक्सली वारदातों में घायलों का उपचार किया । तो कोविड-19 में अनेक कोविड पीड़ितों को फोन द्वारा चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराया । आवश्यकता अनुसार उनको सुविधा व इलाज मुहैया कराया । जिसके लिए शासन द्वारा भी उनके कार्यों को सराहा व सम्मानित किया गया । डॉ वीणा मिश्रा वर्तमान में बेमेतरा जिला में ही जिला आयुष अधिकारी के पद पर सेवा दे रही हैं । उनके कार्यकाल में योग प्रशिक्षकों को आयुष मंत्रालय ने दिल्ली में सम्मानित किया है । डॉ वीणा मिश्रा जैसी प्रतिभाएं न केवल अपने गृह ग्राम माता-पिता बल्कि समस्त क्षेत्र की बेटियों के लिए एक मिसाल हैं ।




## राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा को लेकर शिक्षकों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड बेरला के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं के राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) के प्रभारी शिक्षकों की बैठक बी आर सी भवन बेरला में आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षकों को परीक्षा फॉर्म भरते समय होने वाली सामान्य त्रुटियों से बचने के तरीके बताए गए। बैठक में बताया गया कि कई बार परीक्षा में चयनित होने के बाद भी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पाता, जिसका मुख्य कारण आवेदन पत्र में की गई गलतियां होती हैं। आधार कार्ड के अनुसार जानकारी दर्ज न करना, नाम या अक्षर-मात्रा में त्रुटि, जाति एवं आय प्रमाण पत्र से संबंधित गलत जानकारी जैसे कारणों से छात्रवृत्ति पंजीयन में परेशानी आती है। इसलिए फॉर्म भरते समय सभी आवश्यक जानकारियों को सावधानीपूर्वक भरने के लिए शिक्षकों को विशेष निर्देश दिए गए।

- फॉर्म भरते समय आम गलतियों से बचने पर विशेष जोर

**शंकाओं का किया गया समाधान :** इस अवसर पर विद्यार्थियों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा की बेहतर तैयारी कैसे कराई जाए तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए कैसे प्रोत्साहित किया जाए, इस पर भी चर्चा की गई। साथ ही उपस्थित शिक्षकों के विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया गया। विकासखंड स्रोत समन्वयक कमलेश निषाद ने कहा कि यह कार्य शिक्षकों को अपने कर्तव्य के रूप में करना चाहिए, क्योंकि यही छात्र भविष्य में समाज और देश के योग्य नागरिक बनेंगे। विद्यार्थियों के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।

### शिक्षकों ने साझा किए अपने अनुभव

बैठक का संचालन संकुल समन्वयक सुरेंद्र पटेल (बारगांव) द्वारा किया गया। इस दौरान राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन, शिक्षक ओमप्रकाश साहू, जोगीराम वर्मा और प्रकाश साहू ने परीक्षा की तैयारी और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के अपने अनुभव साझा किए। बताया गया कि बेरला विकासखंड में परीक्षार्थियों की तैयारी के लिए प्रतिदिन विषय आधारित और तार्किक प्रश्नों के लिंक जारी किए जाते हैं। इन लिंक को तैयार करने वाली टीम में सुरेंद्र पटेल, जोगीराम वर्मा, केवरा सेन, ओमप्रकाश साहू, रोमन साहू और चंद्रप्रकाश साहू सहित कुल सात सदस्य शामिल हैं, जो विद्यालय के बाद अपने समय से विद्यार्थियों की सहायता कर रहे हैं।

## 'कर-के सीखने' की पद्धति से बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड बेरला के अंतर्गत शासकीय सुमन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला देवरबीजा, संकुल केंद्र देवरबीजा में जोन स्तरीय सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान मेला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह मेला देवरबीजा जोन के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- देवरबीजा में जोन स्तरीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान मेला

मेले में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक मॉडलों और वैज्ञानिक प्रयोगों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कुल 55 प्रयोगों और मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। इनमें अम्ल-क्षार की पहचान, भेड़नी गांव के मंदिर का इतिहास, चुम्बकों के गुण, घुलनशील व अघुलनशील पदार्थों की पहचान तथा दहन के लिए ऑक्सीजन की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने मेले के माध्यम से कई नई जानकारियां प्राप्त कीं। शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वे अपने-अपने विद्यालयों में भी इस प्रकार के शैक्षणिक मेले आयोजित करने का प्रयास करेंगे। मेले की खास बात यह रही कि बच्चों ने 'करके सीखने' की पद्धति के माध्यम से प्रयोग प्रस्तुत किए, जिससे उनकी जिज्ञासा, समझ और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।



### विद्यार्थियों को मिलते हैं सीखने के नए अवसर: जोन प्रभारी

जोन प्रभारी ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के शैक्षणिक मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा, क्योंकि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को सीखने के नए अवसर मिलते हैं और उनकी वैज्ञानिक समझ विकसित होती है। जब विद्यार्थी स्वयं प्रयोग करके किसी अवधारणा को समझते हैं, तो वह ज्ञान लंबे समय तक याद रहता है। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष संजीव तिवारी, जनपद सदस्य प्रेमलता मंडावी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य टी.आर. साहू, हाईस्कूल अध्यक्ष कोमल देवांगन, जोन प्राचार्य सविता तिवारी, जोन प्रभारी भगवान सिंह राजपूत, संकुल प्राचार्य राजकुमार पाटिल, संकुल समन्वयक राजा वर्मा, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से विजय साव और शाहिद सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**इनकी रही सहभागिता:** इनमें पी.के. वर्मा, सरिता शर्मा, मनीषा दानी, नोहर देवांगन, गेंदलाल ठाकुर, मुकेश देवांगन, नीतू साहू, दामिनी राजपूत, पवन साहू, कल्याणी राजोरिया, प्रकाश वर्मा, अर्जुन राम साहू, भूपेंद्र वर्मा, मधु बंजारे, खेमेश्वरी, सुमन लता, जितेंद्र यादव, नीलेश्वर साहू, गणेश देवांगन, बैशाखू ध्रुव, चंद्रशेखर तिवारी, अलमुदास महिलागे, हेमलता साहू, स्वाति चौबे, यशवंत साहू, जयंत चटर्जी, नूतन देवांगन, गरिमा और सुनीता भुवार्य सहित अन्य शिक्षकों की सहभागिता रही।

## तेरस मेला एवं मानस बसंत उत्सव की तैयारी तेज

**थानखम्हरिया।** मां बंजारी सेवा समिति बरगा एवं मां भद्रकाली तहसील मानस संघ साजा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 17 मार्च को बंजारी धाम बरगा में भव्य तेरस मेला एवं मानस बसंत उत्सव (होली मिलन) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर 08 मार्च को मां बंजारी मंदिर प्रांगण बरगा में मां भद्रकाली तहसील मानस संघ साजा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए सभी से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कन्हैयालाल पाल को शक्ति केंद्र बरगा का अध्यक्ष तथा विनोद साहू को शक्ति केंद्र खाती का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मां भद्रकाली तहसील मानस संघ साजा के अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू ने दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दीं तथा संगठन विस्तार के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।



**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा सहित जिला पदाधिकारीगण छगन लाल साहू, नरेन्द्र जायसवाल, डॉ ओमकार चन्द्राकर, विष्णु साहू, उत्तम साहू, बिहारी लाल यादव, महेश कुमार साहू, लोकेन्द्र सेन, ललित साहू, विश्वनाथ साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खेलन सिंह राजपूत, आत्माराम पटेल, रवि दास मानिकपुरी, प्रेमलाल पाल, हरेन्द्र साहू, रूपेश कुमार साहू सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित, अध्यक्ष आशीष ने दी बधाई

**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने प्रदेश संगठन की सहमति से शनिवार को नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की।



नई कार्यकारिणी में रवि परगनिहा को कोषाध्यक्ष तथा प्रणीश चौबे को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही महामंत्री, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों सहित कुल 51 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि पदाधिकारियों के अनुभव, ऊर्जा और समर्पण से संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि नई टीम पूरी निष्ठा और लगन के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष आशीष छाबड़ा से भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और सभी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### नवागढ़ की बेटी आस्था ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया मान

# राज्यपाल के हाथों 'जीएसटीएटी लिटिगेशन गाइड' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

राजधानी रायपुर स्थित लोक भवन में जब महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के हाथों वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण (जीएसटीएटी) पर आधारित ई-पुस्तक 'जीएसटीएटी लिटिगेशन गाइड' का विमोचन हुआ, तब इस समारोह में नवागढ़ क्षेत्र की बेटी अधिवक्ता आस्था तिवारी की उपस्थिति और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका ने पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा दिया। नवागढ़ विकासखंड के ग्राम धनगांव की निवासी अधिवक्ता आस्था तिवारी इस पुस्तक की सह-लेखक हैं। राजधानी में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में राज्यपाल के साथ मंच साझा करना और एक महत्वपूर्ण विधि पुस्तक के लेखन में योगदान देना नवागढ़ क्षेत्र के लिए गर्व की बात बन गया है।



**नवागढ़ के वरिष्ठ पत्रकार की पुत्री:** आस्था तिवारी नवागढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार राकेश तिवारी की पुत्री हैं। बचपन से ही शिक्षा और अध्ययन के प्रति गंभीर रहीं आस्था ने विधि के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनानी शुरू कर दी है। कम उम्र में ही देश के कर कानून से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पुस्तक के लेखन में भागीदारी कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि छोटे क्षेत्र की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

**देशभर के अधिवक्ताओं के लिए उपयोगी पुस्तक:** 'जीएसटीएटी लिटिगेशन गाइड' पुस्तक प्रख्यात अधिवक्ता विवेक सारस्वत द्वारा लिखी गई है। इसमें सह-लेखकों के रूप में अधिवक्ता बीना सिंह गौतम, आस्था तिवारी और प्रियांश शर्मा का योगदान है। यह पुस्तक वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण में होने वाली कानूनी प्रक्रियाओं को सरल भाषा में समझाने वाली मार्गदर्शिका मानी जा रही है। पुस्तक में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017, अधिकरण प्रक्रिया नियम 2025, पूर्व-जमा की गणना, अंतरवर्ती आवेदन तथा ई-प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया जैसे विषयों को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया है, जिससे अधिवक्ताओं, कर सलाहकारों और करदाताओं को व्यावहारिक जानकारी मिल सके।

### राज्यपाल ने की सराहना

पुस्तक के विमोचन अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि न्याय तक पहुंच किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है और जीएसटीएटी की स्थापना करदाताओं को विशेषज्ञ और समयबद्ध न्यायिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस पुस्तक को विधि जगत के लिए उपयोगी बताया।
**नवागढ़ क्षेत्र में गर्व का माहौल:** लोक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के बाद नवागढ़ क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि धनगांव की बेटी आस्था तिवारी की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी।

